खाटू में मेरा सेठ सांवरा रहता है भजन लिरिक्स

खाटू में मेरा सेठ सांवरा रहता है,
सेठ के दर पे रोज खजाना बंटता है,
पल भर में बनते है सारे बिगड़े काम,
पल भर में बनते है सारे बिगड़े काम,
किरपा ऐसी बरसे है बाबा के धाम,
खाटु में मेरा सेठ सांवरा रहता है,
सेठ के दर पे रोज खजाना बंटता है।lbd।

तर्ज – दूल्हे का सेहरा।

कोंख में जिस मात के तुमने जनम पाया,
धन्य उसको कर दिया जग ने सुयश गाया,
अहिलवती के लाल तेरी महिमा है न्यारी,
तेरे दर पे आते है अब लाखो नर नारी,
दुखड़े सबके दूर ये पल में करता है,
दुखड़े सबके दूर ये पल में करता है,
सेठ के दर पे रोज खजाना बंटता है,
खाटु में मेरा सेठ सांवरा रहता है,
सेठ के दर पे रोज खजाना बंटता है।lbd।

श्याम प्रभु से बांध ले जन्मो का तू बंधन,
छोड़ दे चिंता सभी ये भर देगा दामन,
कोई हो धनवान या फिर कोई हो निर्धन,
सब की मुरादे पूरी होती बाबा के आँगन,
परछाई सा श्याम सदा संग रहता है,
परछाई सा श्याम सदा संग रहता है,
सेठ के दर पे रोज खजाना बंटता है,
खाटु में मेरा सेठ सांवरा रहता है,
सेठ के दर पे रोज खजाना बंटता है।lbd।

दुनिया के झूठे रिश्तो ने बहुत सताया है,
किस्मत थी मेरी जो सांवरा तुमको पाया है,
श्याम शरण में रखले मुझको बस इतना करदे,
तेरा दर्शन तेरा वंदन झोली में भर दे,
'राजू' मुश्किल श्याम से रिश्ता बनता है,
'राजू' मुश्किल श्याम से रिश्ता बनता है,
सेठ के दर पे रोज खजाना बंटता है।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो सिर्फ हमारे ऐप में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

खाटु में मेरा सेठ सांवरा रहता है,
सेठ के दर पे रोज खजाना बंटता है।bd।

खाटू में मेरा सेठ सांवरा रहता है,
सेठ के दर पे रोज खजाना बंटता है,
पल भर में बनते है सारे बिगड़े काम,
पल भर में बनते है सारे बिगड़े काम,
किरपा ऐसी बरसे है बाबा के धाम,
खाटु में मेरा सेठ सांवरा रहता है,
सेठ के दर पे रोज खजाना बंटता है।bd।

Singer – Pooja Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com